दिनांक–18.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये कल होगा मतदान। देश सहित प्रदेश की 6 सीटों पर होगी वोटिंग।
- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया की होगी शुरूआत। 8 सीटों पर 13 मई को होगा मतदान।
- कांग्रेस भाजपा सहित अन्य दल और निर्दलीय भी प्रदेश में चुनाव प्रचार में जुटे।
- आईपीएल में दिल्ली ने गुजरात को 6 विकेट से हराया। आज पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होगा मुकाबला।

अब समाचार विस्तार से:–

पहला चरण–मतदान

लोकतंत्र के महायज्ञ की पहली आहुति में अब चौबीस घंटे से भी कम समय बचा है। लोकसभा के चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान कल सुबह 7 बजे से शुरु होगा। इसमें देश की 102 और प्रदेश की 6 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। प्रदेश की छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला जबलपुर सीधी और शहडोल के लिए होने वाले मतदान के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में 19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। बालाघाट संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा के सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 से दोपहर 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5:30 बजे मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की पूरी तैयारी है। सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, जरूरी दवाइयाँ और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। हमारे छिन्दवाड़ा संवाददाता ने बताया कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलों के 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। इसके लिये कुल 1 हजार 939 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं । इनमें 16 लाख 32 हजार 190 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। 85 वर्ष एवं अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं में से 1293 ने होम वोटिंग सुविधा का चयन किया था। मंडला में आज सुबह से मतदान दलों को सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में सभी तैयारियां की गई हैं। डिंडोरी जिले में भी विधानसभा क्षेत्र शहपुरा एवं डिंडोरी के मतदान दलो को सामग्री का वितरण किया जा रहा है। जबलपुर में मतदान दलों को ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों सहित मतदान कराने के लिये सभी जरूरी सामग्री का वितरण जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर से किया जा रहा है।

चौथा चरण नामांकन–प्रदेश

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को होने वाले मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज से शुरू होगी। चौथे चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खण्डवा में मतदान कराया जाएगा। चौथे चरण के लिए चुनाव

की अधिसूचना भी कल जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन–पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। इसके अगले दिन 26 अप्रैल को नामांकन–पत्रों की जांच की जाएगी। 29 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस बीच तीसरे चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है, कल इसका अंतिम दिन है।

परिचय पत्र–मतदान

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाकर मतदान कर सकता है । इनमें आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज , पासपोर्ट, बैक अथवा डाकघर की फोटो युक्त पासबुक , फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र , सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड शामिल है। मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी/मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटो ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

चुनाव प्रचार–प्रदेश

प्रदेश में पहले चरण के लिये प्रचार थमने के बाद अब राजनीतिक दल दूसरे और तीसरे चरण की सीटों पर प्रचार में जुट रहे हैं। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल, सागर और भिंड में नामांकन रैलियों में शामिल होंगे। इसके अलावा शाम को पन्ना जिले के पवई में एक रोड शो भी करेंगे। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नरसिंहपुर के तेंदूखेड़ा और गाड़रवारा के चिचली में स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा अन्य दल और निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं।

## मतदाता जागरुकता–प्रदेश

प्रदेश में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रदेश में लगातार प्रयास किए जा रेह है। आगरमालवा जिले के सुसनेर नगर का गौरव दिवस कल लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता का पालन करते हुए मनाया गया। इस मौके पर नगर परिषद कार्यालय में निकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नगर गौरव दिवस के अवसर पर मतदान करने तथा स्वच्छता की शपथ ली गई। सतना लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के सतना संसदीय क्षेत्र की विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रचार रथ के माध्यम से गांवों और शहरी क्षेत्रों में घूम–घूम कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कल रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र में प्रचार रथ लोगों के बीच पहुंचा। झाबुआ ज़िले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कल झाबुआ पॉलिटेक्निक कॉलेज में नवनियुक्त पटवारियों के प्रशिक्षण के दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई और सभी से मतदान करने को कहा। वहीं विकासखण्ड पेटलावद में जनजातीय बालिका छात्रावास वन कन्या आश्रम में लोकसभा चुनाव के तहत रंगोली प्रतियोगिता, लोक गीत के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल रात अहमदाबाद में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को 6 विकेट से हरा दिया। 90 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने आठ ओवर पांच गेंद में चार विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। इससे पहले दिल्ली ने पिछले चैंपियन गुजरात टाइटंस को 17 ओवर तीन गेंद में महज 89 रन पर आउट कर दिया। यह आईपीएल में गुजरात का सबसे कम स्कोर है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए तीन विकेट के साथ मुकेश कुमार सबसे सफल गेंदबाज थे।

आज चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच शाम 7.30 बजे खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दल कर्मियो का प्रशिक्षण धार में आज से 20 अप्रैल तक पीजी कॉलेज के नवीन भवन में आयोजित होगा।
- रायसेन जिले में पेयजल एवं घरेलू प्रयोजनों के लिए जल की उपलब्धता बनाए रखने तथा जल वितरण सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर ने सम्पूर्ण जिले को 30 जून तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।
- झाबुआ कलेक्टर और जिला दण्डाधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव के चलते शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 6 आदतन अपराधियों को ज़िले की सीमा छोड़ने का आदेश जारी किया है।
- गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में कल मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया।

————————————